Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **कोटा में जिला रसद विभाग, बारां के प्रवर्तन निरीक्षक को आकस्मिक चैकिंग के दौरान 1 लाख 76 हजार रुपये की संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा, कार्यवाही जारी**

जयपुर, *06 सितम्बर, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की कोटा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **दिनेश चौबे प्रवर्तन निरीक्षक हाल पदोन्त प्रवर्तन अधिकारी, कार्यालय जिला रसद अधिकारी, जिला बारां** को आकस्मिक चैकिंग के दौरान **1 लाख 76 हजार रुपये** संदिग्ध रिश्वत राशि के साथ पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की कोटा इकाई को एक गोपनीय सूत्र–सूचना इस आशय की प्राप्त हुई कि दिनेश चौबे प्रवर्तन निरीक्षक हाल पदोन्त प्रवर्तन अधिकारी, कार्यालय जिला रसद अधिकारी, जिला बारां द्वारा राशन डीलरों एवं दलालों से अवैध वसूली की जा रही है, तथा आज भारी धनराशि लेकर बारां से जयपुर जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कल्याणमल मीणा** के सुपरवीजन में एसीबी की कोटा इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री देशराज** द्वारा मय टीम के रैलवे स्टेशन कोटा पर आकस्मिक चैकिंग की कार्यवाही करते हुए दिनेश चौबे प्रवर्तन निरीक्षक हाल पदोन्त प्रवर्तन अधिकारी, कार्यालय जिला रसद अधिकारी, जिला बारां को दौरान आकस्मिक चैकिंग **1 लाख 76 हजार रुपये** संदिग्ध रिश्वत राशि के साथ पकड़ा है। उक्त संदिग्ध राशि के संबंध में पूछने पर संदिग्ध दिनेश चौबे द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जाने पर, धनराशि को मौके पर जब्त किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**